# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 324 | बिजौलिया - शुक्रवार, 05 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


# सतीश पूनिया और अलका गुर्जर भाजपा प्रत्याशी घोषित

## राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जारी की सूची, अटकलों पर लगा विराम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

राज्यसभा में राजस्थान से खाली हो रही तीन सीटों पर 18 जून को होने वाले राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपने दो प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है जिसमें सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की इस घोषणा के साथ ही अटकलों पर विराम लग गया है।

राजस्थान में तीन सीटों पर राज्यसभा चुनाव होना है। इन तीन सीटों पर वर्तमान में दो सीटे भाजपा के पास है इनमें से एक सीट से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और दूसरे राजेंद्र गहलोत राज्यसभा में सांसद है तथा तीसरी सीट पर कांग्रेस से नीरज डांगी राज्यसभा सांसद है। इन तीनों सीटों का कार्यकाल इसी महीने में 21 जून को समाप्त हो रहा है जिसके लिए चुनाव हो रहे हैं।

भाजपा ने अपनी दो सीटों पर आज राजस्थान से डॉ.सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा इन दोनों को प्रत्याशी बनाकर राजस्थान के दो बड़े वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिए बड़ा संदेश दिया है। डॉ सतीश पूनिया के जरिए



जाट समाज को और अलका गुर्जर के जरिए गुर्जर समाज के मतदाताओं को साधने की रणनीति की है और दोनों ही नेता लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं एवं संगठन के कई पदों पर काम कर चुके हैं।

**सतीश पूनिया**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। छात्र राजनीति से ही सक्रिय राजनीति में रहे हैं और 2018 में पहली बार विधायक बने तथा प्रदेश अध्यक्ष रहने के साथ-साथ संगठन में कई अहम पदों पर काम कर चुके हैं अभी पिछला विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा आलाकमान ने पूनिया को बिहार चुनाव में और हरियाणा चुनाव में प्रभारी बनाया था।



**अलका गुर्जर**

अलका गुर्जर लंबे समय संगठन में सक्रिय है एक बार विधायक और एक बार मंत्री रह चुकी है। वर्तमान में अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव है। अलका गुर्जर का परिवार भाजपा से जुड़ा रहा है उनके पति डॉक्टर नाथू सिंह गुर्जर भाजपा सरकार के समय मंत्री रह चुके हैं नाथू सिंह गुर्जर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शुमार रहे हैं।

**अटकलों पर लगा विराम राजेंद्र राठौड़ को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी,क्या**

भाजपा 16 मई को हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक में तीन नाम का पैनल बनाकर आलाकमान को भेजा था। इनमें डॉ.सतीश पूनिया राजेंद्र राठौड़ और अलका गुर्जर के नाम शामिल थे।? आलाकमान ने इन तीन नाम में से दो नाम पर आज मोहर लगा दी और इसके साथी राजेंद्र राठौड़ प्रभु लाल सैनी जैसे कई दिग्गजों के नामों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे उस पर विराम लग गया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा राजेंद्र राठौड़ को उनकी बैबाक बोली,कार्यशैली और संगठन व पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए बहुत जल्दी ही एक बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है ? यह जिम्मेदारी संभावित है प्रदेश अध्यक्ष पद की हो सकती है ? वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की कार्यशैली से भाजपा आला कमान अधिक संतुष्ट और खुश नहीं है? राजस्थान में आने वाले पंचायत और निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए एवं राठौर की कार्यशैली और रणनीति के मध्य नजर उनको यह जिम्मेदारी सौंप जा सकती है ? राजस्थान में वर्तमान में भाजपा की सरकार है और विधायकों की संख्या के गणित के हिसाब से भाजपा दो सीटों पर चुनाव जीत सकती है। इन तीनों सीटों पर 18 जून को मतदान होगा और इसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# आंधी का कहरः उड़ते लोहे के चद्दर ने ली ग्रामीण की जान

## बिजोलिया में देर रात मूसलाधार बारिश और तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित, कई जगह पेड़ गिरे और बिजली व्यवस्था ठप





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने गुरुवार देर रात बिजोलिया क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक तेज हवाओं के कारण टीन शेड उड़ गए, पेड़ धराशायी हो गए और बिजली के तार टूटने से कई क्षेत्रों में अंधेरा छा गया। इस प्राकृतिक आपदा के बीच थड़ौदा ग्राम पंचायत के जाबदा गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार जाबदा निवासी 52 वर्षीय देवीलाल पुत्र आसूराम रेगर की तेज आंधी के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रात के समय तेज हवाओं के दबाव से उनके मकान की छत पर लगा लोहे का चद्दर अचानक उखड़कर नीचे गिर गया। चद्दर की धारदार किनारी उनकी गर्दन पर लगने से गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

उप जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अंसार खान ने बताया कि गर्दन पर गहरा कट लगने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे देवीलाल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मामले की जांच जारी है।

**नगर में भी दिखा तूफान का असर**

तेज आंधी और बारिश के कारण बिजोलिया नगर के कई हिस्सों में नुकसान की खबरें सामने आई हैं। कांग्रेस कार्यालय के पास, मालीपुरा, तेजाजी का चौक सहित विभिन्न स्थानों पर बड़े पेड़ गिर गए, जबकि कई जगहों पर टीन छप्पर उड़कर सड़कों और मकानों पर जा गिरे। बिजली के तार टूटने से कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

**रातभर दहशत में रहे लोग**

अचानक बदले मौसम और तेज हवाओं की गर्जना के बीच लोग रातभर दहशत में रहे। कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली।

# बेटी की शादी से चार दिन पहले पिता की हत्या, खुशियां बदलीं मातम में

## विवाह स्थल को लेकर शुरू हुआ विवाद बना खूनी संघर्ष, भतीजे समेत कई लोगों पर हत्या का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिस घर में चार दिन बाद बेटी की शादी की शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां बुधवार रात अचानक मातम छा गया। विवाह समारोह के आयोजन स्थल को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दुल्हन के पिता की जान चली गई। आरोप है कि भतीजे और उसके साथियों ने लाठियों तथा कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

पुलिस के अनुसार बागौर थाना क्षेत्र की लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी निवासी विनोद पुत्र सोहन कंजर (45) की पुत्री अंजलि का विवाह आगामी 8 जून को होना था। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं और बुधवार रात परिवार के सदस्य तथा समाज के लोग डीजे पर नाच-गाने के कार्यक्रम में शामिल थे। इसी दौरान विवाह समारोह के आयोजन स्थल को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि विनोद अपनी बेटी की शादी आंमली कॉलोनी में आयोजित करना चाहता था, जबकि उसका भतीजा किशन और कुछ अन्य लोग समारोह लक्ष्मणगढ़ कॉलोनी में ही करने की बात पर अड़े हुए थे। दोनों पक्षों के बीच पहले बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला उग्र हो गया और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इसी दौरान किशन ने अपने साथियों के साथ मिलकर विनोद पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठियों और कुल्हाड़ी से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद शादी समारोह में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार सुनाई देने लगी।

वारदात की सूचना मिलते ही बागौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद कंजर बस्ती में तनावपूर्ण माहौल बन गया। आक्रोशित लोगों ने पुलिस कार्रवाई को लेकर विरोध जताया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर घायल को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया।

गंभीर रूप से घायल विनोद को 108 एम्बुलेंस की सहायता से पहले बागौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय रेफर किया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

विनोद की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और मेहमानों के स्वागत की योजनाएं बन रही थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि क्षेत्र में भी घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

पुलिस ने शव को महात्मा गांधी



चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया और गुरुवार को पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

बागौर पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस की विभिन्न टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

# किशनपुरा में 13 कृषि मोटरों की केबल चोरी, किसानों में आक्रोश

## आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग, सिंचाई व्यवस्था प्रभावित

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

**रोशन ।** बरूदनी क्षेत्र के किशनपुरा गांव में कृषि कुओं से लगातार हो रही केबल चोरी की घटनाओं से किसानों में रोष व्याप्त है। गुरुवार को किसानों ने बरूदनी पुलिस चौकी पहुंचकर चौकी प्रभारी रणजीत सिंह मीणा को रिपोर्ट सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की।

किसानों ने बताया कि अज्ञात चोरों ने गांव के विभिन्न कृषि कुओं पर लगी करीब 13 मोटरों की विद्युत केबल चोरी कर ली, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। केबल चोरी होने से सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और फसलों की देखभाल में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने मामले का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की।

इस दौरान रामनारायण सोमानी, माधूलाल धाकड़, कालूलाल अहीर, हीरालाल धाकड़, प्रभूलाल धाकड़, छितरलाल धाकड़, नानूराम धाकड़ सहित



बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

बरूदनी चौकी प्रभारी रणजीत सिंह मीणा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

# आज लांबा में लगेगी मुख्यमंत्री की ग्राम विकास चौपाल

## दौरे से पूर्व जिला कलक्टर ने हेलीपैड, मंच और सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शुक्रवार को प्रस्तावित ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम के मद्देनजर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने गुरुवार को पंचायत समिति हुरड़ा की ग्राम पंचायत लांबा पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की।





निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने हेलीपैड, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, पार्किंग, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को आयोजित होने वाले ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रहने की संभावना है, इसलिए सुरक्षा, यातायात एवं जनसुविधाओं की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुण्डावत, विकास अधिकारी मधुसूदन रत्नू, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जिला कलक्टर को विभागवार तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

# बावड़ी में तैरता मिला 4 दिन से लापता बुजुर्ग का शव, फैली सनसनी,पुलिस जुटी जांच में




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित दादाबाड़ी इलाके में गुरुवार सुबह आत्माराम मुक्ति धाम की बावड़ी में एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक पिछले चार दिनों से घर से लापता थे। उनका शव घर से करीब 400 मीटर दूर स्थित एक धार्मिक स्थल की बावड़ी में तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने बावड़ी में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बावड़ी से बाहर निकलवाया और पहचान की कार्रवाई शुरू की। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि गत 1 जून को कोली मोहल्ला निवासी रामदयाल कोली उम्र 74 वर्ष अचानक लापता हो गए थे। इसके बाद से ही परिजन उनकी लगातार तलाश कर रहे



थे। गुरुवार सुबह उनका शव आत्माराम मुक्ति स्थल में स्थित बावड़ी में तैरता हुआ मिला। थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद जब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, तो बुजुर्ग रामदयाल कोली अकेले ही बावड़ी की तरफ जाते हुए नजर आए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया,जहां परिजनों कि मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अगरपुरा दुर्घटना मृतक युवक की हुई शिनाख्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( **सांवर वैष्णव** ):- नेशनल हाईवे 758 पर अगरपुरा गांव में बुधवार रात को एंबुलेंस की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत हो गई, मृतक युवक के शव की शिनाख्त हो गई, सदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । एएसआई रोहिताश्व कुमार ने बताया कि बुधवार रात को अगरपुरा गांव में बाइक व मिनी एंबुलेंस गाड़ी की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक चालक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । बाइक चालक मृतक युवक की पहचान मेस पिता बाबू भील उम्र 24 साल निवासी छतरपुर जिला गुना मध्यप्रदेश हाल मुकाम धुवाला, मांडल के रुप में हुई, मृतक युवक धुवाला में ईट भट्टे पर मजदूरी करता था । पुलिस ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के सुपुर्द किया ।।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जोगणिया धाम में शिवशक्ति महायज्ञ एवं पाटोत्सव का शुभारंभ

**विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ ने किया शुभारंभ, सात दिनों तक होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान**



**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**

मेवाड़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री जोगणियां माताजी में गुरुवार से सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं कलश प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधानों के साथ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य एवं महंत सोहनगिरी बालोतरा की पावन उपस्थिति में पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। महोत्सव के अंतर्गत सात दिनों तक शतचंडी दुर्गापाठ, महारुद्र हवन, चतुर्वेद पारायण तथा नवार्ण महामंत्र के 11 लाख जप सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर परिसर में प्रतिदिन श्रृंगार पूजन, आरती, महारुद्र अभिषेक एवं अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। 6 जून को बगड़ावत भारत का मंचन तथा 9 जून को विशाल रात्रि जागरण आयोजित होगा। 10 जून को शिवशक्ति महायज्ञ की पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा अभिषेक एवं महाप्रसादी के साथ महोत्सव का समापन होगा।


# नशे में कार चला रहे हेड कांस्टेबल ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल; एसपी ने किया निलंबित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक हेड कांस्टेबल की कथित लापरवाही और शराब के नशे में वाहन चलाने से बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी हेड कांस्टेबल को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है, वहीं कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बोरखेड़ा थाना अधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि श्रीपुरा निवासी कन्हैया भगत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार उनका पुत्र रितिश भगत गुरुवार सुबह करीब 10 बजे बाइक से बोरखेड़ा से चित्रेश नगर, बारां रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रितिश सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना में रितिश के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि कमर और पैरों में भी गंभीर चोटें आई हैं। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के कारण बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों का आरोप है कि कार चालक शराब के नशे में था और लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था।

जांच में सामने आया कि दुर्घटना करने वाली कार का चालक मोहर सिंह है, जो कोटा ग्रामीण पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। जानकारी के अनुसार मोहर सिंह छुट्टी पर अपने गांव गया हुआ था और 3 जून को उसे ड्यूटी पर उपस्थित होना था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। गुरुवार सुबह गांव से लौटकर देवली मांझी थाने जा रहा था,



तभी बोरखेड़ा थाने से करीब 100 मीटर आगे यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि उसने इससे पहले एक अन्य बाइक को भी चपेट में लिया था, हालांकि उस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

सीआई अनिल कुमार टेलर ने बताया कि आरोपी हेड कांस्टेबल को हिरासत में ले लिया गया है। उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच उपनिरीक्षक लतीफ मोहम्मद को सौंपी गई है।

उधर, हादसे की सूचना मिलते ही कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने मोहर सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि वह 3 जून को ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुआ था। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# भीलवाड़ा में डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट, बाइक-फोन तोड़े, नकदी लूटी ,ब्लिंकिट कर्मचारियों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एक चिंताजनक मामला सामने आया है। क्विक-कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट के एक डिलीवरी पार्टनर के साथ कथित तौर पर मारपीट, जबरन उठाकर ले जाने और नकदी लूटने की घटना ने कर्मचारियों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में डिलीवरी कर्मी थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार ब्लिंकिट में कार्यरत गजेंद्र सुबह अपने नियमित कार्य के तहत पार्सल की डिलीवरी देने जा रहा था। इसी दौरान पुलिस लाइन क्षेत्र के पास उसकी मोटरसाइकिल का कुछ लोगों की बाइक से हल्का संपर्क हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों और




साथी कर्मचारी बबलू सिंह के अनुसार गजेंद्र ने मामले को शांत करने की कोशिश की और सामने वाले लोगों से कहा कि यदि उनकी गाड़ी को कोई नुकसान हुआ है तो वह उसका मुआवजा देने को तैयार है।

बताया जा रहा है कि इसके बावजूद विवाद शांत नहीं हुआ। आरोप है कि कुछ ही देर बाद कई युवक मौके पर पहुंचे और गजेंद्र को जबरन अपने साथ ले गए। इसके बाद उसे एक मकान में ले जाकर बेरहमी से पीटा गया। मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आई और उसके शरीर से खून बहने लगा।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने गजेंद्र का मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। इतना ही नहीं, उसकी जेब में रखे करीब चार हजार रुपये भी छीन लिए गए। यह राशि कंपनी की थी, जिसे उसे स्टोर पर जमा करवाना था।

कर्मचारियों का कहना है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने गजेंद्र को धमकाते हुए कहा कि वह चाहे जहां शिकायत कर ले, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कथित तौर पर उसे पुलिस में जाने पर भी अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद ब्लिंकिट के दर्जनों डिलीवरी पार्टनर स्थानीय थाने पहुंच गए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि शहर में डिलीवरी बॉयज के साथ बदसलूकी और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आती।

साथी कर्मचारी बबलू सिंह ने कहा कि जब तक उनके साथी को न्याय नहीं मिलता और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

उधर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है।

# पुरुषोत्तम मास में हरि शेवा उदासीन आश्रम में धर्म, भक्ति और सत्संग की त्रिवेणी

**भगवान भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए लेते हैं अवतार - स्वामी अशोकानंद जी महाराज**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथाव्यास पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज (जबलपुर) ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दिव्य एवं आनंदमय प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान संपूर्ण वातावरण 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोषों से भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु कृष्ण जन्मोत्सव की अलौकिक भावधारा में सराबोर हो गए।




कथाव्यास ने 'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्' श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म का विस्तार होता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की रक्षा और सज्जनों का कल्याण करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार भी अत्याचार, अन्याय और अधर्म के अंत तथा धर्म की पुनर्स्थापना के लिए हुआ था।

उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों को कभी नहीं छोड़ते। भक्त की सच्ची श्रद्धा और समर्पण भगवान को उसके समीप आने के लिए विवश कर देता है। इसी भावना को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा- 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।' स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने कथा में भगवान ऋषभदेव, महाराज पृथु, हिरण्यकश्यप और भक्त प्रह्लाद, गज-ग्राह मोक्ष तथा भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्राकट्य से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान के प्रत्येक अवतार का उद्देश्य जीवों का कल्याण और धर्म की स्थापना है। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद की निष्ठा, गजेन्द्र की पुकार और देवकी-वसुदेव की भक्ति हमें यह संदेश देती है कि संकट चाहे कितना भी बड़ा हो, भगवान का स्मरण कभी व्यर्थ नहीं जाता।

कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने बताया कि मथुरा की कारागार में अर्धरात्रि के समय भगवान श्रीकृष्ण का दिव्य अवतरण हुआ। उनके प्रकट होते ही चारों ओर अलौकिक प्रकाश फैल गया, बेड़ियां टूट गईं, पहरेदार निद्रा में चले गए और भगवान की योगमाया से वसुदेव जी नवजात कृष्ण को सुरक्षित गोकुल पहुंचाने में सफल हुए। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, कर्तव्य, नीति और धर्म का अनुपम संदेश देता है। पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, हरिनाम संकीर्तन, गंगा आरती एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को आयोजित विष्णु यज्ञ में हेमन्त-निकिता टिक्यानी एवं अंजना तोषनीवाल ने आहुतियां अर्पित कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा भगवान महादेव का रुद्राभिषेक किया। कथा में अजमेर के महंत स्वरूप दास उदासीन और पुष्कर के महंत हनुमान राम उदासीन भी उपस्थित रहे।


आश्रम के संत मायाराम एवं संत गोविन्दराम ने श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में अधिकाधिक धर्मलाभ लेने का आह्वान करते हुए कहा कि भीलवाड़ा में इन दिनों धर्म, भक्ति और सत्संग की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। ऐसे दुर्लभ अवसर जीवन में बार-बार नहीं आते, इसलिए सभी को कथा, यज्ञ, भजन और सत्संग से जुड़कर अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बनाना चाहिए।

# श्रीमद्भागवत कथा ईश्वर से जुड़ने का दिव्य मार्ग : संत कृपाराम

**ध्रुव की अटूट भक्ति और कपिल ज्ञान के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महेश वाटिका में रांदड़ परिवार के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा व्यास संत कृपाराम महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया।


संत कृपाराम ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को ईश्वर से जोड़ने वाला दिव्य मार्ग है। भगवान की कथा का श्रवण मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से मुक्त कर आत्मिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने द्रौपदी चीरहरण प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं और सच्ची श्रद्धा रखने वालों पर उनकी विशेष कृपा बनी रहती है।

कथा के दौरान महात्मा विदुर, कर्दम ऋषि एवं देवहूति के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए संत ने धर्म, सत्य, सेवा और त्याग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन भी साधना का श्रेष्ठ माध्यम बन सकता है, यदि उसमें भगवान के प्रति समर्पण और संयम का भाव हो।

महाराजश्री ने भगवान कपिलदेव के अवतार तथा माता देवहूति को दिए गए सांख्य ज्ञान का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि यह दर्शन आत्मा और शरीर के भेद को समझाकर मोक्ष के मार्ग की ओर प्रेरित करता है। वहीं भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, अटूट श्रद्धा और भगवान पर विश्वास से असंभव लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। कथा के बीच प्रस्तुत भजनों और संगीतमय कार्यक्रमों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे तथा पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

आयोजन समिति के मनोज सोनी एवं महेंद्र सोनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव 8 जून तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक महेश वाटिका में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।



QUICK BITES

## उमंग-7 अभियान के तहत दो बाल श्रमिक मुक्त, कैफे संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान पुलिस द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे उमंग-7 अभियान के तहत मंगलवार को पटेल नगर स्थित द यूनिक कैफे पर कार्रवाई करते हुए दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। कार्रवाई के बाद दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव ने बच्चों की सुनवाई कर उन्हें अस्थायी संरक्षण के लिए राजकीय आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत मानव तस्करी विरोधी इकाई के उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह राठौड़, ओमप्रकाश सैन, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर सिंह तथा कांस्टेबल किशन सिंह ने संयुक्त कार्रवाई की। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज पतिहार के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर, आनंद कुमार तथा नवाचार संस्थान के रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर भागवत सिंह चारण ने बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया।

इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की काउंसलर निर्मला पुरोहित ने बच्चों की काउंसलिंग कर आवश्यक जानकारी जुटाई। मामले में संबंधित नियोक्ता के खिलाफ प्रताप नगर थाना में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## 13 दिन बाद भी नहीं हुआ चोरी का खुलासा, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

**रोशन ।** बरूदनी कस्बे में हुई चोरी की वारदात का 13 दिन बाद भी खुलासा नहीं होने से परेशान पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा से कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को पीड़ित सत्यनारायण ओझा ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले का शीघ्र खुलासा करने एवं चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग उठाई।

ज्ञापन में ओझा ने बताया कि 22 मई 2026 की रात अज्ञात बदमाश उनके घर में घुस गए और कमरे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, करीब 65 हजार रुपये नकद तथा दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट 23 मई को बिगोद थाने में दर्ज कराई गई थी। पीड़ित के अनुसार पुलिस की तकनीकी जांच के दौरान चोरी हुआ एक मोबाइल फोन बरामद हो गया, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बाड़े के पास छोड़ गया था। इसके बावजूद अब तक चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। सत्यनारायण ओझा ने बताया कि वर्षों की मेहनत और बचत से जुटाई गई नकदी व कीमती सामान चोरी हो जाने से परिवार को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक आघात भी पहुंचा है। घटना के बाद से पूरा परिवार तनाव में जीवन यापन कर रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आज यूनेस्को चलायेगा "एक पौधा देश के नाम" कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को ''एक पौधा देश के नाम'' सघन पौधारोपण कार्यक्रम ईरांस के पास देवछाया विहार कॉलोनी में आयोजित किया जायेगा। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान के साथ ही जन भागीदारी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। इस पौधरोपण अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। माली ने यूनेस्को के सभी सदस्यों से आव्हान किया कि वो विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने नजदीक ही अधिक से अधिक पौधारोपण करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मन की बात - जिला भाजपा की ऐतिहासिक उपलब्धि, 134वें संस्करण में प्रथम रैंक के साथ भीलवाड़ा बना राजस्थान का सिरमौर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम आज देश में जन-संवाद का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है। मई 2026 में आयोजित इस कार्यक्रम के 134वें संस्करण को लेकर भीलवाड़ा जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में एक बार फिर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जिले के हर बूथ तक प्रधानमंत्री के विचारों को पहुँचाने की रणनीति बनाई गई। इसका परिणाम यह रहा कि भीलवाड़ा जिला भाजपा संगठन 'मन की बात' के 134वे संस्करण की ताजा क्रियान्वयन रिपोर्ट में पूरे राजस्थान प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज होकर उभरा है।

### शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग के साथ भीलवाड़ा ने पाया प्रथम स्थान

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया के अनुसार जिले की सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 2,198 बूथों पर 'मन की बात' कार्यक्रम आयोजित किया गया और सरल एप पर इसकी शत-प्रतिशत (100%) रिपोर्टिंग दर्ज की गई। ?विधानसभा वार आंकड़ों पर नजर डालें तो आसींद विधानसभा के 244 बूथों, मांडल के 281 बूथों, सहाड़ा के 282 बूथों, भीलवाड़ा शहर के 242 बूथों, शाहपुरा के 313 बूथों, जहाजपुर के 241 बूथों और मांडलगढ़ विधानसभा के 595 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और शत-प्रतिशत रिपोर्ट अपलोड की।

### सहभागिता और रैंकिंग में भी भीलवाड़ा का दबदबा

कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जन-सहभागिता के मामले में भी जिले ने इस बार शानदार रिकॉर्ड बनाया है। मई महीने के इस 134वें एपिसोड में भीलवाड़ा जिले के कुल 21,675 कार्यकर्ताओं और आमजन ने विभिन्न बूथों पर उपस्थिति दर्ज करा रिपोर्ट अपलोड की। ?इस प्रदर्शन के आधार पर भीलवाड़ा जिला 100 प्रतिशत बूथ कवरेज के साथ राजस्थान में पहले नंबर पर रहा। प्रदेश की अन्य शीर्ष रैंकिंग की बात करें तो जालोर दूसरे, करौली तीसरे, जोधपुर देहात उत्तर चौथे व उदयपुर शहर पाँचवें स्थान पर रहा।

### 132वें एपिसोड में भी भीलवाड़ा रहा था अव्वल

मार्च 2026 में आयोजित 132वें 'मन की बात' कार्यक्रम में भी भीलवाड़ा जिला 21,095 श्रोताओं और 100% बूथ कवरेज (2,198 बूथ) के साथ पूरे राजस्थान में प्रथम पायदान पर रहा था। उस समय जोधपुर देहात उत्तर दूसरे और जयपुर देहात दक्षिण तीसरे स्थान पर थे। 132वें एपिसोड की इस बड़ी कामयाबी के बाद अब लगातार 134वें एपिसोड में भी प्रथम स्थान का रिकॉर्ड बरकरार रखकर भीलवाड़ा भाजपा ने अपनी संगठनात्मक श्रेष्ठता साबित की है।

### मन की बात ने जिले के घर-घर में जगह बनाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं और आमजन में जागरूकता लाने के लिए जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिला संयोजक के रूप में सी पी जोशी एवं सातों विधानसभाओं के लिए एक-एक सहसंयोजक हितेंद्र राजोरा, सोनू सिंह राजपूत, विष्णु ओझा, थान सिंह चंदेल, विनोद सिखवाल, रघु सालवी, वीरेन्द्र शर्मा को नियुक्त किया था। इन्होंने जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से मन की बात कार्यक्रम को जिले के घर-घर पहुँचाने के लिए जी-तोड़ मेहनत की और परिणामस्वरूप भीलवाड़ा जिला प्रदेश में प्रथम पायदान पर काबिज हो पाया है।


### हर अभियान में अग्रणी रहने की गौरवशाली परंपरा

भीलवाड़ा जिला भाजपा संगठन प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित हर अभियान में अग्रणी रहने की अपनी परंपरा को कायम रखे हुए है। इससे पूर्व भी संगठन के 'सदस्यता अभियान' में भीलवाड़ा जिले ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में जयपुर के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया था। ?हाल ही में संपन्न जिला प्रशिक्षण शिविर के नवाचारों और सफलता की चर्चा प्रदेश भर में हुई। भीलवाड़ा जिला संगठन की इसी कार्यक्षमता और अनुशासन के कारण प्रदेश नेतृत्व द्वारा बार-बार जिले की पीठ थपथपाई गई है।

# बलियाखेड़ा पहुंचे पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, तूफान प्रभावित ग्रामीणों को दी एक लाख की सहायता

## नुकसान का लिया जायजा, पीड़ितों से मिले; मुआवजा नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**





क्षेत्र के बलियाखेड़ा गांव में हाल ही में आए भीषण तूफान से हुए नुकसान का जायजा लेने गुरुवार शाम कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर गांव पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा राहत स्वरूप ग्रामीणों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

गांव में पहुंचे पूर्व मंत्री गुर्जर ने घरों, खेतों और नोहरों में हुए नुकसान का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ही मिनटों के तूफान ने गांव में भारी तबाही मचाई, जिससे मकानों की छतें और टीनशेड उड़ गए, दीवारें गिर गईं तथा विद्युत पोल और डीपी भी क्षतिग्रस्त हो गए। कई पशु-पक्षियों की भी जान चली गई।

निरीक्षण के दौरान एक पीड़ित ग्रामीण अपनी व्यथा सुनाते हुए भावुक हो गया। इस पर गुर्जर ने उसे ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर गुर्जर ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा के बाद भी कोई वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित गांवों में हालात जानने नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और राहत नहीं मिली तो कांग्रेस आंदोलन करेगी तथा ग्रामीणों के न्याय के लिए सड़क पर उतरेगी।

गुर्जर ने बताया कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर प्रभावितों को राहत दिलाने और विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में ग्रामीणों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

इस दौरान कोटड़ी ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सुवालका, विधानसभा प्रभारी भगवतीलाल गुर्जर, पूर्व उपप्रधान मनीष गुर्जर, भंवर शर्मा, भंवर गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# महेश नवमी महोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक संपन्न

## व्यवस्था, सुरक्षा, शिव परिवार झांकी और आयोजन से संबंधित विषयों पर की चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



श्री महेश नवमी महापर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा हेतु शोभायात्रा समिति की बैठक महोत्सव समिति के सह संयोजक सुरेश बिरला व केजी राठी, शोभायात्रा संयोजक सुभाष बाहेती के सानिध्य में श्री महेश शिक्षा सदन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से शोभायात्रा की व्यवस्था, सुरक्षा और आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति के करीब सभी सदस्य उपस्थित थे। मुख्य प्रभारी लोकेश आगाल ने बताया की बैठक में शोभायात्रा का मार्ग क्या रहेगा उसकी जानकारी दी गई। जल व्यवस्था झांकियों की व्यवस्था, टेंपो, माइक हाथी, घोड़े, ऊंट ध्वज, पताकाएं, बैनर बैंड एवं ढोल ई-रिक्शा शिव परिवार में से किसी की भी प्रतिमूर्ति बनकर आने वालों की प्रतियोगिता, शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, शोभायात्रा के पीछे पीछे स्वच्छता के लिए व्यवस्था आदि विषयों पर विचार कर कार्य विभाजन किया गया। शोभायात्रा में आगे से लेकर पीछे तक की क्या रचना रहेगी उस पर चर्चा की गई। गत वर्षो के अनुभव के आधार पर शोभायात्रा मार्ग में किसी प्रकार की खाद्य एवं पेय पदार्थ नहीं देने का सर्व सहमति से निर्णय किया गया। मीटिंग में शोभायात्रा समिति सदस्य सुरेश लढ़ा, शुभम कालिया, सुरेश बिड़ला, गोपाल सोमानी, राजेन्द्र गंदोडिया, कृष्ण गोपाल लढ़ा, कमलेश जाजू सहित मातृशक्ति से मधु लढ़ा, उषा सोमानी, उषा सोनी, रेनू कोगटा, अनुपमा मंत्री, मधु बहेड़िया, सीमा सोमानी, मधु बांगड़ व कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत मे संयोजक सुभाष बाहेती ने सभी सदस्यों एवं श्री महेश सेवा समिति भीलवाड़ा का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिला कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



ग्राम पंचायत बाकरा में गुरुवार को कृषि विभाग के तत्वावधान में 30 महिलाओं का एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र की महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आधुनिक खेती, फसल उत्पादन वृद्धि तथा विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी अमित कुमार जागेटिया ने महिला कृषकों को विभागीय योजनाओं, उत्पादकता वृद्धि के उपाय, ग्राम स्तरीय फसल उत्पादन कार्यक्रम, बीज प्रतिस्थापन दर बढ़ाने, प्रमाणित बीजों के उपयोग, उन्नत फसल किस्मों तथा मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में जानकारी दी कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीणा ने समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन, जिप्सम के उपयोग, वर्षा जल संरक्षण, शुष्क खेती तथा सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों जैसे फव्वारा एवं बूंद-बूंद सिंचाई पर भी विस्तार से चर्चा की गई। राजेश कुमार मीना ने जैविक खेती, जैविक कीट एवं रोग प्रबंधन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, उन्नत बीज उत्पादन, गर्मियों की जुताई का महत्व, फेरोमोन ट्रैप एवं प्रकाश पाश के उपयोग, सुरक्षित भंडारण, फार्म लेवल ग्रेडिंग तथा कृषि में आधुनिक यंत्रों के महत्व पर भी जानकारी दी गई

प्रशिक्षण के अंत में ज्ञानार्जन टेस्ट लिया जिसमें पुरस्कार वितरित किया गया महिला कृषकों ने खेती से जुड़ी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं आय बढ़ाने का संकल्प लिया

# सेवाएं समाप्त करने के विरोध में नर्सिंगकर्मियों का प्रदर्शन, बहाली की मांग

## कर्मचारी महासंघ ने उठाई आवाज, मांगें नहीं मानी तो भूख हड़ताल की चेतावनी





**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

अखिल राजस्थान कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) भीलवाड़ा के नेतृत्व में महात्मा गांधी चिकित्सालय में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत नर्सिंगकर्मियों ने सेवाएं समाप्त किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं बहाल करने की मांग करते हुए जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के निर्देश पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में नर्सिंगकर्मियों ने आरोप लगाया कि वर्षों से अस्पताल में सेवाएं देने के बावजूद उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के केवल फोन कॉल के माध्यम से कार्यमुक्त कर दिया गया। इससे 48 नर्सिंगकर्मियों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि वे मात्र 7,320 रुपये मासिक मानदेय पर मरीजों की सेवा कर रहे थे, लेकिन अचानक सेवाएं समाप्त किए जाने से उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि जो नर्सिंगकर्मी वर्षों से मरीजों की सेवा कर रहे थे, आज वे स्वयं न्याय की गुहार लगाने को मजबूर हैं।

नर्सिंगकर्मियों ने विधायक अशोक कोठारी एवं सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर सेवाएं पुनः बहाल करने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे आंदोलन को तेज करते हुए भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि संविदा एवं प्लेसमेंट कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन उनके साथ खड़ा है तथा कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अवकाश के दिनों में ड्यूटी का बिजोलिया में विरोध, पटवारी, वीडीओ और कृषि पर्यवेक्षको ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संयुक्त समन्वय समिति, उपशाखा ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शनिवार, रविवार एवं राजकीय अवकाश के दिनों में नियमित सरकारी कार्य नहीं करवाने की मांग की। ज्ञापन मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार के नाम प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2008 से राज्य कर्मचारियों के लिए पांच दिवसीय कार्य व्यवस्था लागू है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक विश्राम प्रदान कर उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना था। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, शिविरों, बैठकों, ग्राम सभाओं और निरीक्षणों का आयोजन लगातार



अवकाश के दिनों में किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ रहा है।

समिति ने कहा कि पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लागू करने का कार्य करते हैं। लगातार अवकाश के दिनों में ड्यूटी लगाने से कर्मचारियों का पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बाहरी जिलों में पदस्थापित कई कर्मचारी महीनों तक अपने घर नहीं जा पा रहे हैं।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि बड़े कार्यालयों में अवकाश के दिन कार्य लेने पर कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति अवकाश दिया जाता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

संयुक्त समन्वय समिति ने मांग की कि आपातकालीन एवं संकटकालीन परिस्थितियों को छोड़कर अवकाश के दिनों में किसी भी प्रकार की बैठक, चौपाल, ग्राम सभा, शिविर एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएं। समिति ने चेतावनी दी कि भविष्य में शनिवार, रविवार एवं राजकीय अवकाश के दिनों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य कोई कार्य नहीं किया जाएगा तथा ऐसे दिनों में जारी आदेशों को शून्य माना जाएगा।

ज्ञापन देते समय पटवार संघ, कृषि पर्यवेक्षक संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# कंजर समाज धर्मशाला की रखी आधारशिला, विधायक ने दिए 5 लाख रुपये

## जोगणियां माता में भूमि पूजन समारोह, समाज के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।,**

जोगणियां माता शक्तिपीठ परिसर में गुरुवार को कंजर समाज के लिए प्रस्तावित धर्मशाला निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंधन एवं विकास संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए भूखंड पर बनने वाली धर्मशाला के शिलान्यास अवसर पर विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ ने धर्मशाला निर्माण के लिए विधायक मद से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंजर समाज के उत्थान, शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए वे सदैव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के हर प्रयास में सहभागी रहेंगे।

समारोह को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू समुदाय विकास अभिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बाबूलाल बंजारा ने समाज में शिक्षा और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान घुमंतू समाज प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना नाथ जावरा, रामसिंह बंजारा, रतनलाल, दिलीप बंजारा (राजसमंद), सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश बंजारा, सुनील कुमार बस, अनिल बंजारा एवं लखन विश्वकर्मा सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शंभूलाल धाकड़, थानाधिकारी कमलचंद मीणा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मदन गोपाल धाकड़, जिला परिषद सदस्य प्रभुलाल धाकड़, पूर्व पार्षद राजू लेंद्र सुराणा, दीपक पंचोली तथा जोगणियां माता संस्थान के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# महंत काठियाबाबा ने बागेश्वरधाम सरकार को दिया विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ में आने का निमंत्रण

## हनुमान टेकरी स्थित आश्रम में 8 जून से होगा सप्त दिवसीय विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम के महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा ने बागेश्वर धाम पहुंच वहां बागेश्वरधाम सरकार पंडित धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री से मुलाकात कर उन्हें पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार 8 से 14 जून तक आयोजित हो रहे सप्त दिवसीय विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ में आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पंडित धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री के बद्रीनाथधाम में अज्ञातवास पूर्ण कर बागेश्वरधाम पधारने पर मंगलकामनाएं व्यक्त की। शास्त्री ने श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ आयोजन की पूर्ण सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए भीलवाड़ा में अतिशीघ्र भव्य कार्यक्रम के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए अनुमति प्रदान की। गौरतलब है कि पंडित धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री के सानिध्य में भीलवाड़ा में वर्ष 2024 में भी हनुमंत कथा आयोजन हो चुका है। उन्हें बताया गया कि श्री हनुमान टेकरी आश्रम में



महन्त बनवारीशरणजी के सानिध्य में नियमित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। इसी कड़ी में निकट भविष्य में एक भव्य धार्मिक आयोजन की भी तैयारी की जा रही है जिसके बारे में विस्तृत जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। महंत बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि आश्रम में श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ के भव्य आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है। इसके लिए 11 कुण्डीय विशाल यज्ञ मण्डप तैयार किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक एक साथ 44 जजमान आहुति दे सकेंगे। महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री शारदा सनातन परमार्थ न्यास के वेदाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री होंगे।

महायज्ञ के साथ इस अवधि में वृन्दावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिदिन रात 8 बजे से भक्तिपूर्ण रासलीला का भी आयोजन आश्रम परिसर में होगा। पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर भगवान श्री हरि माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने हेतु होने वाले विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ में 111 कलशों को लक्ष्मी स्त्रोत से सिद्ध किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति होने के बाद यजमानों को लक्ष्मी कलश प्रदान किए जाएंगे। विशेष औषधियों से हवन दसविद् लक्ष्मी प्राप्ति,ऋण मुक्ति, रोग नाश ओर राष्ट्र कल्याणार्थ के लिए इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ की पूर्णाहुति 14 जून को अभिजीत मुर्हुत में होगी। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में छोटी हरणी के ग्रामवासियों का भी पूरा सहयोग आयोजन समिति को प्राप्त हो रहा है।

QUICK BITES

# गंगापुर चिकित्सालय का एसडीएम गुर्जर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**



सेटेलाइट चिकित्सालय गंगापुर का एसडीएम विवेक गुर्जर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीएमओ डॉ शरद नलवाया , बीसीएमएचओ डॉ विपिन शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संध्या नलवाया उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी गुर्जर ने चिकित्सालय की समस्त सुविधाओ व व्यवस्थाओं रजिस्ट्रेशन काउंटर, मेटरनिटी वार्ड, महिला/पुरुष वार्ड, औषधि भंडार, लेबोरेटरी, लेबर रूम, ट्रॉमा सेंटर के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की एवं उपस्थित मरीजो व परिजनों से बातचीत करके चिकित्सालय की व्यवस्थाओ का जायजा लिया। डायलिसिस मशीन एवं ब्लड स्टोरेज यूनिट की सुविधा जल्द शुरू करने हेतु निर्देशित किया । उपखंड अधिकारी ने सफाई व्यवस्था को लेकर सुधारात्मक दिशा निर्देश दिए गए व सफाई ठेकेदार को सफाई हेतु पाबंद करने के सम्बंध में निर्देश दिए गए। आवश्यक सुविधाओ के विस्तार हेतु आगामी ऋऋऋ बैठक में प्रस्ताव लिया जायेगा।

# नवीन न्यायालय परिसर के लिए आवंटित भूमि पर पुनर्विचार की मांग

## अधिवक्ता संघर्ष समिति ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, वर्तमान परिसर के आसपास बहुमंजिला भवन निर्माण का दिया सुझाव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला न्यायालय परिसर अधिवक्ता संघर्ष समिति ने नवीन न्यायालय परिसर के लिए प्रस्तावित भूमि को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित स्थल पर पुनर्विचार करने तथा न्यायालय परिसर के विस्तार के लिए वर्तमान स्थान के आसपास उपलब्ध भूमि का उपयोग करने की मांग की।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि नवीन न्यायालय परिसर के लिए चिन्हित भूमि शहर से काफी दूर स्थित है। ऐसे में भविष्य में अधिवक्ताओं, वादकारियों और आमजन को न्यायिक कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों तथा महिला अधिवक्ताओं के लिए भी आवागमन की कठिनाइयां बढ़ेंगी।

संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि वर्तमान न्यायालय परिसर के आसपास उपलब्ध भूमि का समुचित उपयोग करते हुए बहुमंजिला एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त न्यायालय भवन का निर्माण किया जाए। उनका कहना था कि यह विकल्प अधिक व्यावहारिक, सुरक्षित और जनहित के अनुरूप रहेगा, जिससे न्यायिक सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी सुगम बनी रहेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अधिवक्ताओं की मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी भावनाओं एवं सुझावों को राज्य सरकार तथा संबंधित विभागों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था से जुड़े सभी पक्षों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे

# शराबियों का सड़क पर दो घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा, मेहरूखुर्द की अवैध शराब ब्रांच पर फिर उठे संरक्षण और कार्रवाई के सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ सांवर**



दिलखुश

क्षेत्र के मेहरूखुर्द गांव में संचालित बताई जा रही अवैध शराब की ब्रांच के बाहर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब शराब के नशे में धुत दो गुटों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आम रास्ते पर ही भिड़ गए और करीब दो घंटे तक जमकर हंगामा चलता रहा। इस दौरान मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार मेहरूखुर्द में लंबे समय से संचालित अवैध शराब ब्रांच गांव का माहौल खराब कर रही है। शराब पीने के लिए यहां आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं, जिससे आए दिन विवाद, गाली-गलौज और झगड़े जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। गुरुवार को भी मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया और दोनों पक्षों ने सड़क पर ही हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध शराब ब्रांच के सामने से मेहरूकलां-बिसुन्दनी मुख्य मार्ग गुजरता है। इसी रास्ते से मेहरूखुर्द, माधोपुरा और किशनपुरा सहित आसपास के गांवों के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन मेहरूकलां स्थित विद्यालयों में अध्ययन के लिए आते-जाते हैं। ऐसे में शराबियों की भीड़ और उनके द्वारा किए जाने वाले हंगामे से विद्यार्थियों एवं महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब ब्रांच के बाहर आए दिन नशे में धुत लोग अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। वहीं यह स्थान चार रास्तों का प्रमुख संगम होने के कारण यहां हर समय लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद शराबियों के जमावड़े और झगड़ों से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित अवैध शराब ब्रांच निर्धारित समय की परवाह किए बिना लगभग हर समय खुली रहती है, जिससे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। गांव के लोगों ने प्रशासन एवं आबकारी विभाग से मामले की जांच कर अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने तथा गांव के शांतिपूर्ण माहौल को बनाए रखने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।